पत्रांक—1725

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार झा,
संयुक्त सचिव–सह–सहायक निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 23/7/18

विषयः— **दिनांक 18.07.2018 को सिलाव नगर पंचायत की समीक्षा संबंधी प्रतिवेदन।**

महाशय,

निदेशानुसार क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 18.07.2018 को नालन्दा जिलान्तर्गत सिलाव नगर पंचायत का भ्रमण मेरे द्वारा किया गया। योजनाओं की समीक्षा की गई तथा स्थिति निम्न प्रकार पाई गई :—

I. स्वच्छ भारत मिशन :

– कुल वार्डों की सं0—14

– कुल परिवारों की सं0— 4,840

– कुल परिवारों की सं0 जिसे पूर्व से शौचालय उपलब्ध है – 3,643

– कुल शौचालय विहिन परिवारों की सं0— 1197

  – कुल शौचालय विहिन परिवार जिसे भूमि उपलब्ध है (Target For IHHL) – 1,197

  – कुल शौचालय विहिन परिवार जिसे भूमि नहीं है (Target For Community Toilet) – 1005

(a) IHHL का Target - 1005

  – Work order दिया गया – 1005

  – प्रथम किस्त दिया गया – 995

BUDA / Assistant Director

- द्वितीय किस्त दिया गया – 725
- कुल पूर्ण – 725
- निर्माणाधीन – 270
- प्रथम किस्त का कुल भुगतान–74,62,500.00
- द्वितीय किस्त का भुगतान– 36,62,500.00
- कुल भुगतान– 1,07,25,000.00

शेष 10 लाभुकों को एक सप्ताह के अन्दर Work order तथा प्रथम किस्त की राशि के भुगतान का निदेश दिया गया।

(b) **<u>Community Toilet का Target - 192</u>**

– कुल 192 परिवारों के लिए 12 "सीट" वाले दो मंजिला कुल 16 भवनों के लिए जगह चिन्हित किया गया है।

– 16 Community Toilet के लिए निविदा प्रकाशित किया गया परन्तु एक भी निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः निविदा प्रकाशित करने की कार्रवाई की जा रही है।

(c) **<u>ODF की स्थिति</u>** :

– कुल 14 वार्डों में से 9 वार्डों में ODF हो चुका है।

– ODF वाले वार्ड – 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 012, एवं 13

शेष वार्डों को खुले में शौचमुक्त करने हेतु लगातार प्रयास करने का निदेश दिया गया।

II. <u>हर घर नल का जल योजना</u> :

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सिलाव द्वारा बताया गया कि सिलाव में भूगर्भिय जल की उपलब्धता नहीं हो पाने के कारण शहर के बाहर किसी अन्य स्रोत से पानी की आपूर्ति होनी है। इसी कारण से इस नगर पंचायत में इस योजना का कार्यान्वयन PHED विभाग, बिहारशरीफ के माध्यम से कराने का आदेश पत्रांक 7063 दिनांक 30.10.2017 द्वारा विभाग से प्राप्त हुआ। PHED विभाग द्वारा निविदा भी निकाली गई है।

इस योजना के कार्यान्वयन हेतु नगर निकाय को प्राप्त राशि PHED विभाग को हस्तांतरित करने का निदेश मेरे द्वारा दिया गया।

III. पक्की नाली–गली योजना की स्थिति :

प्रस्तावित पक्की "गली" का लक्ष्य – 6,200 KM
प्रस्तावित पक्की "नाली" का लक्ष्य – 2,604 KM
निर्मित पक्की गली (कुल योजनाओं की सं0–65) – 5,200 KM
निर्मित पक्की नाली (कुल योजनाओं की सं0–65) – 3835 KM

– निर्मित पक्की नाली – गली योजना से आच्छादित घरों की सं0– 2,418

– उपलब्ध कराई गई राशि –

5वें राज्य वित्त आयोग मद से प्राप्त – 98,77771.00 रुपये
राज्य योजना मद से प्राप्त – 59,51,198.00 रुपये
कुल 1,58,28,969.00 रुपये

कुल व्यय की गई राशि – **1,38,19,208.00**

IV. सबके लिए आवास योजना (HFA):

– सिलाव में यह योजना Phase - II में स्वीकृत हुआ है।

– कुल प्राप्त आवेदन – 171

– कुल स्वीकृत आवेदन – 168

– कुल 37 लाभुकों से भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र प्राप्त

– कुल निर्गत कार्यादेश – 30

– प्रथम किस्त का भुगतान– 30 लाभुकों को 50,000.00 के दर से कुल **15,00,000.00 रुपये**

– द्वितीय किस्त का भुगतान 22 लाभुकों को एक लाख रुपये के दर से कुल भुगतान 22.00 लाख रुपये।

– अन्तिम किस्त का भुगतान– 03 लाभुकों को 50,000.00 के दर से कुल **1,50,000.00** रुपये।

– कुल किया गया भुगतान– **23,00,000.00**

– शेष 131 आवेदनों में कुल 78 लाभुकों का आवेदन Surrender कर दिया गया है तथा विभाग से Edit भी करा दिया गया है। शेष 53 को भी Surrender किये जाने की आवश्यकता कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बतायी गई है। जिसके लिए तुरंत कार्रवाई का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, सिलाव को दी गई।

(अरविन्द कुमार झा) 22.08.18
संयुक्त सचिव–सह–सहायक निदेशक

BUDA / Assistant Director